**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

## अभ्यास पत्र – 2

**विषय : हिंदी** **कक्षा - 9** **जुलाई 2026**

**स्पर्श भाग (1)**

तुम कब जाओगे, अतिथि

प्रश्न 1 'तुम कब जाओगे, अतिथि' पाठ में लेखक ने अतिथि के लगातार टिके रहने पर अपनी आर्थिक और मानसिक स्थिति का जो चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 2 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा और आधुनिक जीवन की व्यस्तताओं के बीच बदलते पारिवारिक दृष्टिकोण को इस पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**मेरी एवरेस्ट यात्रा (बचेंद्री पाल)**

प्रश्न 1 'मेरी एवरेस्ट यात्रा' पाठ के आधार पर बताइए कि कर्नल खुल्लर ने साउथ कोल कैंप पहुँचने पर बचेंद्री पाल और उनके साथियों की सफलता को किन शब्दों से सराहा और उनका हौसला बढ़ाया?

प्रश्न 2 एवरेस्ट अभियान के दौरान हिमस्खलन (ल्होत्से से ग्लेशियर के धंसने) के कारण कैंप-3 में जो तबाही मची थी, उसका बचेंद्री पाल ने किस प्रकार सामना किया?अपने शब्दों में लिखिए।

**संचयन भाग (1)**

**स्मृति**

प्रश्न 1 'स्मृति' पाठ में लेखक ने कुएँ से चिट्ठियाँ निकालने के संघर्ष का जो रोमांचक विवरण दिया है, उससे उसकी किन चारित्रिक विशेषताओं का पता चलता है?

प्रश्न 2 भाई के डर और कर्तव्य-पालन के बीच फंसे बालक के मानस-पटल पर क्या गुज़र रही थी?पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**अपठित गद्यांश**

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम का होना अनिवार्य है। कई बार लोग विपरीत परिस्थितियाँ आने पर अपने मार्ग से भटक जाते हैं या प्रयास करना छोड़ देते हैं परंतु इतिहास गवाह है कि जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, उन्होंने अपनी बाधाओं को ही अपनी सफलता की सीढ़ी बनाया। पर्वतारोहण जैसे साहसिक कार्यों से हमें यही सीख मिलती है कि हर कदम पर जोखिम होने के बावजूद यदि हौसला बुलंद हो तो एवरेस्ट जैसी सर्वोच्च चोटी पर भी तिरंगा फहराया जा सकता है। असफलता केवल यह सिद्ध करती है कि

सफलता का प्रयास पूरे मन से नहीं किया गया अतः लक्ष्य के प्रति एकाग्रता ही सच्ची कर्मठता है।

1. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए क्या अनिवार्य है?

(क) धन और उच्च पद

(ख) दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम

(ग) अनुकूल परिस्थितियाँ

(घ) केवल भाग्य का साथ

2. महान व्यक्तियों ने बाधाओं को किस रूप में बदला?

(क) अपने दुःख के रूप में

(ख) असफलता के कारण के रूप में

(ग) अपनी सफलता की सीढ़ी के रूप में

(घ) दूसरों की कमजोरी के रूप में

3. गद्यांश के अनुसार 'असफलता' क्या सिद्ध करती है?

4. पर्वतारोहण जैसे साहसिक कार्य हमें क्या सीख देते हैं?

**व्याकरण खंड**

उपसर्ग और प्रत्यय

प्रश्न 1 निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखिए:

(i) अत्यधिक

(ii) दुर्व्यवहार

(iii) असुरक्षित

(iv) परतंत्रता

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए:

(i) वैज्ञानिक

(ii) गौरवशाली

(iii) कठिनाई

(iv) भारतीयता

**स्वर संधि**

प्रश्न निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए अथवा संधि करके नए शब्द बनाइए:

(i) हिम + आलय = ....................................

(ii) कवींद्र = .................+....................

(iii) पवन= ..................+......................

(iv) सूर्य + उदय = ...............................

(v) सदा + एव = ...............................

(vi) महोत्सव = ..................+...............

**रचनात्मक लेखन**

प्रश्न 'मेरी पहली साहसिक यात्रा' विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।